सत्यमेव जयते

पंचदश

बिहार विधान-सभा

एकादश सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-3

बुधवार, तिथि $\frac{\text{20 अग्रहायण, 1935 (श0)}}{\text{11 दिसम्बर, 2013 (ई0)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या-01

(1) लघु जल संसाधन विभाग	.. ..	01
	कुल योग ..	01

जाँच करना

04. श्री मंजीत कुमार सिंह—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र में प्रकाशित शीर्षक "काम अधूरा, भुगतान पूरा" शीर्षक समाचार दिनांक 26 अक्टूबर, 2013 को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग के 200 परियोजनाओं पर 350 करोड़ रुपये विगत तीन वर्षों में खर्च किये गये है, जिसमें 38,000 हेक्टेयर सृजित सिंचाई क्षमता के विरुद्ध मात्र 6,160 हेक्टेयर सिंचाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग को 4.31 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता विकसित करने हेतु 650 करोड़ रुपये आवंटित किये गये जिसमें 450 करोड़ रुपये भुगतान कर दिये गये परन्तु सिंचाई क्षमता सृजित नहीं हो सकी है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त परियोजनाओं की जाँच क्रम में यह परिलक्षित हुआ है कि 30 से 50 प्रतिशत काम करने वाले संवेदकों को बिना काम किये राशि का भुगतान कर दिया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इस सभी परियोजनाओं की जाँच कर या अबतक हुये जाँच के आधार पर कौन–सा कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 11 दिसम्बर, 2013 (ई0)।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान–सभा।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 112–डी0टी0पी0–450